**खबर संक्षेप**

## योगेश यादव ने जीता कांस्य पदक व वर्ल्ड चैंपियनशिप की ट्रायल पर अपनी जगह बनाई



**मण्डला।** अंडर 17 राष्ट्रीय स्तर ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता 6 जून से 8 जून गोंडा उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई जिसपे मंडला जिले के श्री बजरंग व्यायामशाला बस स्टैंड के पहलवान योगेश यादव ने 55 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया कुश्ती कोच वाशु सिंधिया ने बताया कि मेडल के साथ साथ वर्ल्ड चैंपियनशिप की ट्रायल जो कि लखनऊ पर है उस पर अपनी जगह बनाई है इस उपलब्धि के लिए नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप कच्छवाहा वाजित खान सतीश मरकाम उस्ताद नरेश सिंधिया चंदशेखर सिंधिया आनंद सोनी किशोर गुप्ता योगेश कच्छवाह कुलदीप सिंधिया शिवराज कच्छवाह अंकित सिंधिया व जिला कुश्ती संघ के सभी सदस्य ने बधाई दी।

## पीसीपीएनडीटी एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक 10 जून को

**मण्डला।** पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संबंधित विषयों की समीक्षा के लिए जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन 10 जून को किया जाएगा। यह बैठक शाम 3 बजे से 5 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, मंडला में संपन्न होगी।बैठक में पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों के पालन, जिले में संचालित सोनोग्राफी केंद्रों की निगरानी, लिंग चयन एवं भ्रूण लिंग परीक्षण पर रोक संबंधी गतिविधियों की समीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे, जिनमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार धुर्वे, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऊषा धुर्वे, पैथोलॉजिस्ट डॉ. योगेश सिरसाम, जिला अभियोजन अधिकारी समरन सिंह ठाकुर, जिला जनसंपर्क अधिकारी राहुल वासनिक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राधा गुप्ता, रोटरी अध्यक्ष प्रसन्न सराफ, समाजसेवी विजय बहादुर तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ. डी.के. मरकाम शामिल हैं।

### बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को दिया एक सप्ताह का समय

# सभी विभागों को 'ए ग्रेड' लाने के दिए निर्देश

* **स्कूल-आंगनबाड़ी जर्जर भवनों में न चलें।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिला योजना भवन में समय-सीमा और विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण संवेदनशीलता से निपटाएं। निम्न गुणवत्ता पर बंद शिकायतें री-ओपन कर संतुष्टिपूर्वक निराकृत की जाएं। सभी विभाग एक सप्ताह में ए ग्रेड में आएं। 50 दिन से अधिक लंबित प्रकरण फोर्स क्लोज कराएं और 500 तथा 1000 दिन पुराने केस भी बंद कराएं।

### रात्रि चौपाल और जनसमस्याओं पर फोकस

मवई क्षेत्र के ग्राम दाड़ी में रात्रि चौपाल के आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि संबंधित विभाग तय समय में कार्रवाई करें। ग्राम अमवार की पेयजल समस्या, चिरानटोला में विद्युतीकरण, अस्थायी पोल बदलने और छात्रावास के मुद्दों का निराकरण समय-सीमा में हो। रात्रि चौपाल के हर आवेदन का निराकरण अनिवार्य है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य की तैयारियाँ

शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले कलेक्टर ने कहा कि मानसून को देखते हुए कोई भी कक्षा जर्जर भवन में न चले। डीपीसी और डीपीओ डब्ल्यूसीडी को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी। टीएल पत्रों का व्यक्तिगत फॉलोअप कर समय पर क्लोज कराने के भी निर्देश दिए।

### दुर्घटना पर नाराजगी, मत्स्य-उद्यानिकी को बढ़ावा

नैनपुर के ग्राम जहरमऊ में बिजली पोल से करंट लगने से युवक की मौत पर कलेक्टर श्री धोटे ने गहरा दुःख जताया। विद्युत कंपनी को निर्देश दिए कि ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं। एसडीएम नैनपुर से जांच रिपोर्ट मांगी, जिसके आधार पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

मत्स्य पालन में 56 किसानों के साथ 986 केज लगाने की योजना बनी है, जिसे कलेक्टर ने बढ़ावा देने को कहा। बायोफ्लाक में अब तक की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कम से कम 100 हितग्राहियों को जोड़ने के निर्देश दिए। बरगी बैकवाटर में केज से स्थानीय मछुआ समुदाय को लाभ मिले, यह भी सुनिश्चित करने को कहा।

उद्यानिकी विभाग की कार्ययोजना पर असंतोष जताते हुए कलेक्टर ने फॉरवर्ड लिंकेज पर ध्यान देने को कहा। काली हल्दी, अश्वगंधा, काली तुलसी, पपीता जैसी फसलें क्लस्टर अप्रोच से बढ़ाने और आजीविका मिशन की महिलाओं से बड़े पैमाने पर मशरूम उत्पादन कराने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएम मानिट, सीएस मानिट, जल गंगा संवर्धन, अमृत सरोवर, छात्रावासों में टंकी सफाई, अनुकम्पा नियुक्ति, गेहूं परिवहन, उर्वरक वितरण, वन अधिकार, योग दिवस, श्रमयोगी मानधन, धरती आबा, नर्मदा परिक्रमा पथ, पाण्डुलिपि सहित अंतर-विभागीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, संयुक्त कलेक्टर श्री हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, श्री संस्कार बावरिया, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम मौजूद रहे। सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, बीएमओ और बीईओ वीसी से जुड़े।



## मोहित खोत को आईआईटी जोधपुर, एम टेक दीक्षांत समारोह में मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

सिविल लाइन,तिलक वार्ड मंडला निवासी मोहित खोत ने गौरवपूर्ण सफलता हासिल की। मोहित खोत ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) जोधपुर से एम.टेक. (डेटा इंजीनियरिंग) की उपाधि वर्ष 2026 के दीक्षांत समारोह में सफलतापूर्वक प्राप्त की है।

मोहित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के अंतर्गत 10वीं एवं 12वीं की शिक्षा मोन्टफोर्ट स्कूल, मंडला से प्राप्त की तथा इसके पश्चात बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) की डिग्री जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, गुना से पूर्ण की है।

जोधपुर राजस्थान में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस. सोमनाथ, पूर्व अध्यक्ष, इसरो (ISRO) तथा डॉ. अजय कुमार, अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग (UPSC), भारत सरकार थे।

समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में नीलकंठ मिश्रा, अध्यक्ष, यूआईडीएआई (UIDAI), भारत सरकार; प्रो. गोविंदन रंगराजन, निदेशक, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु, राजीव कुमार शर्मा (IPS), पुलिस महानिदेशक, राजस्थान तथा शरत कविराज (IPS), पुलिस आयुक्त,जोधपुर उपस्थित रहे।

मोहित खोत नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं एमपीईबी मंडला में सेवारत मदन खोत एवं दीपाली खोत के सुपुत्र हैं। इन्होंने इस सफलता से जिले को गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर इष्ट जनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 6 माह से वेतन नहीं, आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

* **रैली निकाल नेहरू स्मारक का किया घेराव, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

मंडला जिले में आशा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मानदेय का भुगतान न होने के विरोध में प्रदर्शन किया। आशा एकता संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मंडला मुख्यालय पहुंचीं और अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया।

आशा कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकाली और नेहरू स्मारक चौराहे का घेराव किया। इस दौरान उन्होंने सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द बकाया भुगतान की मांग की। प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए चौराहे पर यातायात भी प्रभावित हुआ।



इसके बाद आशा कार्यकर्ताओं ने नेहरू स्मारक चौराहे से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक मार्च किया। वहां उन्होंने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें लंबित मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग की गई।

प्रदर्शनकारी आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें लगभग छह माह से वेतन या मानदेय का भुगतान नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक परेशानियां बढ़ गई हैं। उनका यह भी कहना है कि भुगतान न होने के बावजूद वे लगातार स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्य कर रही हैं, लेकिन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के विषय में बताया कि जब तक उनका मानदेय निश्चित नहीं होता, तब तक उन्हें एकमुश्त भुगतान किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मातृत्व अवकाश देने और रूटीन के पैसे न काटने की भी मांग की। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बकाया मानदेय का एकमुश्त भुगतान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# 15 जून तक फसल ऋण जमा करने पर किसानों को मिलेगा ब्याजमुक्त लाभ

* **जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मंडला ने तेज किया ऋण वसूली अभियान।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, मंडला की समितियों द्वारा अल्पकालीन फसल ऋण की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बैंक द्वारा किसानों से संपर्क स्थापित कर ऋण राशि समय पर जमा कराने के लिए सघन प्रयास किए जा रहे हैं।

बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार रबी वर्ष 2025-26 में किसानों द्वारा लिए गए अल्पकालीन फसल ऋण की वसूली की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। किसानों को समयसीमा के भीतर ऋण राशि जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, क्योंकि 15 जून तक ऋण का भुगतान करने पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। साथ ही किसानों को आगामी वर्ष के लिए भी शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

बैंक अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित तिथि तक ऋण राशि जमा नहीं करने पर किसानों को दंडात्मक ब्याज सहित राशि का भुगतान करना पड़ेगा। इसी कारण समितियों के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर किसानों को समय पर ऋण अदायगी के लिए जागरूक किया जा रहा है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मंडला ने बताया कि पिछले वर्ष बैंक ने कृषि ऋण वसूली के क्षेत्र में पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। बैंक का लक्ष्य इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पुनः प्रथम स्थान हासिल करना है। इसके लिए ऋण वसूली अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। बैंक प्रबंधन ने सभी ऋणधारी किसानों से अपील की है कि वे 15 जून से पूर्व अपनी ऋण राशि जमा कर ब्याजमुक्त सुविधा एवं आगामी ऋण लाभ का लाभ उठाएं।

**रामधुन** | महिष्मति घाट में चल रही सात दिवसीय रामधुन।

# अन्नदान कर दुखियों की सेवा का लिया संकल्प

* **महाआरती में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी का मंडला आगमन हुआ। उनके आगमन पर पत्रकार परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्थानीय रेस्ट हाउस में पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण से उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकार परिषद के कार्यकर्ताओं समाज कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। तत्पश्चात श्री तिवारी अपने परिजनों एवं परिषद के सदस्यों के साथ मां नर्मदा के पावन तट माहिष्मती घाट पहुंचे जहां महिष्मति ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा शॉलश्रीफल से स्वागत किया। वही पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर माहिष्मती घाट में सात दिवसीय श्रीराम धुन संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर राम नाम का जाप कर रहे हैं श्री तिवारी ने भी संकीर्तन में भाग लेकर रामधुन का श्रवण किया। वही उन्होंने रामेश्वर दास महाराज जी अंजनिया के सान्निध्य में अन्नदान कार्यक्रम में सहभागिता की उन्होंने श्रद्धापूर्वक सवा सौ क्विंटल अन्नदान का संकल्प पूर्ण किया इसके साथ ही फल, मिष्ठान एवं अन्य सामग्री का भी दान किया गया। धार्मिक परंपराओं के अनुसार विधिवत पूजा-अर्चना हुआ। अन्नदान के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय वृद्धाश्रम पहुंचे जहां निवासरत बुजुर्गों से मुलाकात की उन्होंने वृद्धजनों का सम्मान करते हुए उन्हें फल मिष्ठान वितरण करते हुए अपने हाथों से चप्पल पहनाई। साथ ही बुजुर्गों से उनके स्वास्थ्य, दिनचर्या और आवश्यकताओं के संबंध में भी जानकारी ली श्री तिवारी और उनकी टीम को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज के समय में वृद्धजनों की सेवा करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। इसके बाद श्री तिवारी पुनः माहिष्मती घाट पहुंचे जहां संध्याकालीन मां नर्मदा पंचचौंकी महाआरती में शामिल हुए वैदिक मंत्रोच्चार घंटियों की ध्वनि और दीपों की अलौकिक आभा के बीच उन्होंने मां नर्मदा का विधिवत पूजन-अर्चन किया श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में उन्होंने दीपदान कर मां नर्मदा से सुख-समृद्धि, शांति की कामना की। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे आरती के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया श्री तिवारी ने स्वयं श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण में सहयोग किया। वहीं बीते दिनों अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेशाध्यक्ष के सानिध्य में स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज देव बप्पा सेवा आश्रम को समिति का मंडला जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिनका आगमन महिष्मति घाट में चल रही रामधुन में हुआ। नवनियुक्त संत समाज के जिला अध्यक्ष स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज का स्वागत पत्रकार परिषद समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी के द्वारा किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, रोहित बघेल, समाजसेवी सुधीर कांसकार, किशोर रजक, राजेश दीक्षित, दीपक कछवाहा, श्रीमति उमा यादव, श्रीमति संध्या शिवहरे, दीप्ति नरेलिया, सीता परतेती, सुनीता सैयाम, पं. संतोष तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे वहीं सामाजिक कार्यकर्ता राजेश क्षत्री ने श्री तिवारी के हाथों यहां लगे सकोर पर जल भरवाकर पर्यावरण और जीव जंतुओं की सुरक्षा का संदेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी ने कहा काफी प्रयासों के बाद माहिष्मती घाट को एक विकसित धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है। पंच चौकी महाआरती अब मंडला की पहचान बन चुकी है जो जिले की सांस्कृतिक विरासत और आस्था का प्रतीक है। महाआरती के पश्चात भंडारे एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां जबलपुर ग्वारी घाट, उज्जैन महाकाल और बनारस व मां गंगा तट की तर्ज पर आयोजित इस महाआरती को देखने के लिए विगत वर्ष में दूर-दूर से धर्मप्रेमी पहुंचे हैं।

## खनिज विभाग ने की ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**मण्डला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग के निर्देशों तथा कलेक्टर मंडला के मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर नियमित जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 6 जून को बिछिया क्षेत्र के भ्रमण के दौरान खनिज विभाग की टीम ने रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त एक बिना नंबर प्लेट वाले नीले रंग के पावर ट्रैक ट्रैक्टर को जब्त किया। वाहन का उपयोग अवैध रूप से खनिज रेत के परिवहन में किए जाने की जानकारी मिलने पर कार्रवाई की गई। जब्त वाहन को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना प्रभारी, थाना बिछिया की सुपुर्दगी में रखा गया है।

# बम्हनी थाना परिसर के सरकारी क्वार्टर में आरक्षक ने लगाई फांसी, सुसाइड नोट बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/बम्हनीबंजर



बम्हनी थाना परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर में पुलिस लाइन में पदस्थ 40 वर्षीय आरक्षक सुनील सरयाम रहवासी आदेगांव थाना क्षेत्र के पटलोन गांव के निवासी हैं जिन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरक्षक क्रमांक 558 सुनील सरयाम की पदस्थापना पुलिस लाइन में थी। सोमवार सुबह लगभग 9:30 से 10:30 बजे के बीच उन्होंने अपने सरकारी क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने देखा तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। गेट के किनारे से अंदर झांककर देखने पर घटना का पता चला, जिसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सुसाइड नोट में लिखी बातों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# क्षेत्र के ढ़ाबों से लेकर मुख्य मार्ग के दोनों ओर खड़े रहने वाले वाहन आमजन की जिन्दगी के लिये बन रहे दुश्मन

सच्चाई को जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अनदेखा किये जाने के चलते हौसले हो रहे बुलंद, छोटे वाहन चालकों का निकलना हुआ मुश्किल

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** क्षेत्र में स्थापित एनटीपीसी पावर प्लांट से निकलने वाली राख तथा समीपस्थ गोटीटोरिया से कोयला का परिवहन करने के लिये इस समय जहां क्षेत्र की सड़को पर भारी भरकम डम्फरों के साथ साथ ट्रालाओं की धमाचौकड़ी देखने मिल रही है। जबकि क्षेत्र की सड़को की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो इन सड़को की गुणवत्ता न तो इन डम्फरों का भार सहन करने की है और न ही सड़को की चौड़ाई इस प्रकार से है कि उन पर इस तरह के वाहन दौड़ाये जा सके। मगर इसके बाद भी बड़े स्तर से आर्शीवाद प्राप्त होने के कारण गाडरवारा क्षेत्र की सड़को पर प्रदेश सहित देश के कौने कौने से प्रतिदिन भारी भरकम धमाचौकड़ी मचाते हुये आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुलेआम खिड़बाल करने से नही चूक रहे है। बताया जाता है कि गाडरवारा से ककरा घाट होते हुये निकलने वाली राख ढोने वाले इन डम्फरो के चलते इस मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण जब कोई ट्राला जा रहा होता है तो पीछे से आने वाले वाहन चालक का सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है और जब ट्राला के पीछे चलने वाले बाइक हो या फिर अन्य प्रकार के छोटे वाहन चालक को जरा सी साइड मिलती है तो वह आगे निकलने का प्रयास करता है इस स्थिति में सामने से आने वाले वाहन से टकराने से नही चूक पाता है। इसी का परिणाम है कि इस मार्ग पर बीते हुये 6 माह के अंदर गाडरवारा से लेकर तेंदूखेड़ा के बीच डम्फर व ट्रालों के चलते घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की मौते हो चुकी है..? यही हाल गाडरवारा से पिपरिया जाने वाला मार्ग हो या फिर सांईखेड़ा सहित करेली की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति..। क्योंकि इन मार्गो पर पढ़ने वाले ढावो के दोनों ओर वह ट्राला चालक अपने डम्फरों को खड़ा करते हुये भोजन करने लगते है और सड़के दोनों किनारों पर डम्फरों की लम्बी लाईने लगी होने के दौरान जब कोई छोटा वाहन का चालक आता जाता है तो उसे सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है जिसके चलते वाहन टकराने की संभावना बनने से नही चूक पाती है। इस समय नगर के रेल्वे स्टेशन से सोया प्लांट की ओर जाने वाले वाय पास मार्ग यानि की रायल पैलेस के सामने से लेकर सोया प्लांट तिरहा तथा कामती की ओर जाने वाले ढावों के सामने तो मानों इन डम्फर व ट्राला चालको अपना अपना पूर्ण अधिकार स्थापित करते हुये










डम्फरों की लम्बी लम्बी लाईने लगाई जा रही है। गाडरवारा कामती मार्ग पर काबरा पेट्रोल पंप से लेकर सोयाबीन प्लांट तिरहा के पास इस सैकड़ो की संख्या में सड़क के दोनों ओर डम्फरों की लम्बी लाईने लगी हुई दिन भर आसानी से देखी जा सकती है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इन मार्गो से आये दिन क्षेत्र के जिम्मेदार प्रतिनिधियों से लेकर जिला स्तर से लेकर तहसील स्तर के अधिकारियों का निकलना होता रहता है। मगर इसके बाद भी इस तरह ढावों के सामने व सड़क के दोनों किनारे डम्फरों की लगनी वाली लाईन को जिस तरह नजर अंदाज किया जा रहा है उसी का परिणाम है कि जहां इन भारी भरकम डम्फर चालको के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है और आमजन की जिन्दगी खतरें में दिखाई देने से नही चूक रही है..? आमजन का कहना है कि गाडरवारा कामती मार्ग हो या फिर शहर का वायपास मार्ग जब सड़क के दोनों ओर डम्फरों की लाईने लगी होती है तो छोटे वाहन चालक अपने वाहन आगे की ओर निकलते है इस स्थिति में सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है। जब तक वह सामने से आने वाले वाहन को देखने में सफल होते है तब तक दुर्घटना घटित हो चुकी होती है..? इस तरह क्षेत्र की सड़को के किनारे स्थापित हो चुके डम्फर चालकों के साम्राज्य के चलते क्षेत्रवासी अपनी जिन्दगी को दांव पर लगाते हुये यात्रा करने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है। विकट स्थिति आने वाले दिनों में उस समय बनने से नही चूक पायेगी जब बारिश का दौर शुरू होगा। क्योंकि बारिश के दौरान जब यह डम्फर सड़कों के किनारे खड़े रहेगे और कोई वाहन निकल रहा होगा तो उसकी दुर्घटना होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। वही दूसरी ओर चंद दिवस उपरांत यानि की 1 जुलाई से नये शिक्षा सत्र की शुरूआत होने वाली है। इस स्थिति में इन मार्गो से जहां नगर के स्कूलों की बसों का संचालन शुरू हो जावेगा। वही दूसरी ओर आस पास के गांवों से भी भारी मात्र में छात्र छात्राये अपनी स्कूटी सहित साईकिलों से आना जाना शुरू कर देगी। यदि इन डम्फरों की मनमानी इसी प्रकार से जारी रही तो निश्चित तौर मासूम छात्र छात्राओं की जिन्दगी को सुरक्षित महसूस करना मुश्किल होने से नही चूक पायेगा..? इतना ही नही देश के कोने कोने से आ रहे इन डम्फरों के चलते नगर सहित क्षेत्र में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में भी इजाफा होते हुये देखने मिलने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इसकी सच्चाई बीते हुये साल उस समय देखने मिल चुकी है कि जब एक भारी भरकम ट्राला में अवैध रूप से लाई गई भारी मात्रा में अवैध शराब को अन लोडिंग होते हुये पुलिस द्वारा पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी। खैर इस बात का भेंद पुलिस आज तक खोलने में सफल नही हो पाई है कि इतनी मात्रा में यह शराब भारी भरकम ट्राला में सीमेन्ट की बोरियों के बीच भरते हुये कहा से लाई गई थी या फिर बाहर भेंजी जा रही थी..? मगर पुलिस द्वारा पकड़ी गई लाखों रूपया कीमत के अवैध शराब जिस ट्राला में रखी हुई थी वह राजस्थान पासिंग का होने के चलते चर्चा का विषय इसलिये बनने से नही चूक पाया था। क्योंकि मादक पदार्थो के लिये राजस्थान प्रांत प्रमुख गढ़ माना जाता है। क्योंकि पूर्व के समय में पुलिस द्वारा स्मैक पावडर के साथ जो आरोपी पकड़े गये थें वह राजस्थान प्रांत के प्रमुख सौदागर के रूप में सामने आये हुये थें? इस स्थिति में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर जहां इस प्रमुख माने जाने लगा है। इस स्थिति में इस समय राजस्तान प्रांत के डम्फरों की धमाचौकड़ी अनेक संदेह पैदा करने से नही चूक रही है..? वही दूसरी शहर के आसपास संचालित होने वाले ढ़ावों सहित क्षेत्र की सड़को के दोनों ओर लम्बी लम्बी लाईनों में खड़े होने वाले डम्फर पर अंकुश लगाने की क्षेत्र की जनता द्वारा मांग उठाई जा रही है..? क्योंकि ढावा मालिकों द्वारा जहां अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये इन डम्फर चालको को पूरी व्यवस्थाये उपलब्ध कराई जा रही है। मगर उन्हें सड़क से हटकर पार्किग की व्यवस्था नही दिये जाने के कारण यह डम्फर चालक अपने डम्फर व ट्रालाओं को मुख्य सड़को के किनारे ही खड़ा करते हुये ढ़ावों पर खाना खाने के लिये चले जाते है। इस स्थिति में दिन दिन भर सड़को के किनारे लगनी वाही डम्फरों के लम्बी लाईनो के कारण गाडरवारा से करेली हो या फिर पिपरिया सांईखेड़ा सहित वायपास मार्ग से छोटे वाहन चालकों का निकलना मुश्किल होने से नही चूक रहा है।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र की पंचायतों में हुये निर्माण कार्यो की जांच से उजागर हो सकती है गुणवत्ता की सच्चाई?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जिस प्रकार से लोग अपनी ग्राम पंचातयों में किसी जनप्रतिनिधि का चुनाव करती है तो उसे उससे काफी उम्मीदे रहते हुए ग्राम के विकास की बाट जोही जाती है, मगर अक्सर देखा जाता है कि कुर्सी मिलने के बाद वह ग्राम विकास को भूलकर सिर्फ अपनी विकास की ओर ध्यान देने से नही चूकता है? इस बात की सच्चाई ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों के कार्यकाल खत्म होने के बाद जब नई पंचातयों का गठन हुआ तो ऐसा जान पड़ा की शायद अब ग्रामों की तस्वीर बदल जावेगी? मगर ऐसा कुछ हुआ जान नही पड़ रहा है और पांच वर्ष बीत चुके है यदि पूर्व के समय के सरपंचो के कार्यकाल पर गौर किया जावे तो उनके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार को लेकर अनेक ग्राम पंचायतों की कार्य प्रणाली के खिलाफ आज भी अंगुली उठ रही रही हैं? सरपंचों के खिलाफ शिकायतों का आनवरत सिलसिला जारी है, जिम्मेदार अधिकारियों के पास ऐसी अनेक शिकायतें निराकरण की बाट जोह रही है जिनकी यानि निष्ठा के साथ जांच हो जावे तो पंचायतों में हुए घोटालों की सच्चाई सामने आ सकती है? वैसे सच यह भी है कि यदि प्रशासन इन शिकायतों के प्रति गंभीर रूप अख्तियार करता तो अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंचो द्वारा पूर्व में डकारी गई शासकीय राशि अपने घर से चुकानी पड सकती है? दरअसल ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य सबसे अधिक शिकायतों के केन्द्र बिन्दु बने हुए हैं? निर्माण कार्यों में अनियमितता बरतने की शिकायत आम तौर पर है क्योंकि सरपंचों के पास पांच लाख रूपये तक के निर्माण कार्य किये जाने का अधिकार था और बाद में सरकार द्वारा उसमें बढ़ोत्तरी करते हुये डबल करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी, जिसका उन्होंने खुलेआम दुरूपयोग करते हुए अनेक पंचायतो में गुणवत्ताहीन किये गये निर्माण कार्य आज खुली गवाही दे रहे है, भले ही इन निर्माण कार्यों का मूल्यांकन तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा अपनी जुगाडू व्यवस्था के साथ करा दिया गया हो..? परंतु कतिपय यंत्री और उपयंत्रियों की मिली भगत भी इनमें रही है यही कारण है कि मूल्यांकन के निकार्ड से तो बेहतर निर्माण कार्य का हुआ है परंतु निर्मित कार्य घटिया ही साबित हो रहे है? जिनकी सच्चाई वह निर्माण कार्य स्वयं ही बता रहे है? इतनी ही नहीं कुछेक ग्राम पंचायतों में तो यह आरोप भी लगाया जाता है कि निर्माण हुआ ही नहीं और पैसा खर्च हो गया, वैसे ऐसे आरोपों की तत्काल और गंभीरता से जांच होनी चाहिये, जिससे पूर्व के सरपंचों की खाई हुई मलाई ऊपर आ जावे तथा वर्तमान जनप्रतिनिधि उनके नक्शे कदम पर न चले, अपेक्षा है कि क्षेत्र के जनपद पंचायत चीचली क्षेत्र में पूर्व सरपंचों के कार्यकाल में हुए निर्माण कार्यो की जांच की जावे तो अनेक प्रकार से चौकाने वाली सच्चाई आने से नही रूक सकती है।

# सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत जप्त की गई बाइक से परिवहन करते हुये 6 पेटी अवैध शराब

**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** पुलिस द्वारा शराब के अवैध कारोबार को लेकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। मगर इसके बाद भी जिस तरह गांव गांव शराब का अवैध कारोबार होते हुये देखा जा रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है कि निश्चित तौर से इस अवैध शराब के कारोबार को बडे स्तर पर संरक्षण प्राप्त होने के साथ साथ क्षेत्र में लाईसेन्सधारी शराब के कारोबारियों द्वारा ही इस तरह गांव गांव शराब पहुंचाई जा रही है..? यदि क्षेत्र की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो शायद ही ऐसा कोई गांव शेष होगा जहां पर शराब का अवैध कारोबार चलते हुये दिखाई नही दे रहा हो..? इस तरह शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक डा. त्रिषीकेश मीना के निर्देशन में व गाडरवारा टीआई अशोक सिहं चौहान के मार्ग दर्शन में सिहोरा चौकी पुलिस टीम द्वारा एक युवक को मोटर साईकिल से शराब का अवैध परिवहन करते हुये पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। बताया जाता है कि सिहोरा चौकी प्रभारी विजय सिंह पाल को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम दुधवारा के पास एक युवक अपनी मोटर साईकिल के माध्यम से भारी मात्रा में अवैध शराब ले जा रहा है। इस सूचना से चौकी





प्रभारी विजय पाल द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने पर टीआई अशोक सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में एक टीम बनाई गई जिसमें चौकी प्रभारी विजय पाल सिंह, प्रधान आरक्षक अनुराग झारिया, विजय मिश्रा, आरक्षक कृष्ण मुरारी गौर, बाल बिहारी रघुवंशी, विवेक ठाकुर को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार स्थल की घेराबंदी करते हुये एक युवक को मोटर साईकिल के साथ 6 पेटी शराब रखे हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम आकाश पिता राजेश उपाध्याय निवासी कामर्थ वार्ड गाडरवारा का होना बताया गया। इस तरह पुलिस द्वारा आरोपी के पास से 6 पेटी देशी प्लेन शराब सहित मोटर साईकिल को जप्त किया गया है। वही जप्त की गई शराब सहित मोटर साईकिल की कीमत 1 लाख 30 हजार रूपया आकी जा रही है। वही आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार कर न्यायालय में पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह आखिरकार इतनी भारी मात्रा में शराब लेकर आया कहा से था।

# मां नर्मदा समाजसेवी संस्था की बैठक में अनेक मुद्दो पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** मां नर्मदा समाज सेवी संस्था की बैठक बीते हुये दिवस ग्राम अनघोरी में मॉ नर्मदा तट पर संपन्न हुई । बताया जाता है कि इस बैठक में मुख्य अतिथियों के रूप में अनघोरी आश्रम के पुजारी, संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण पटेल के आलवा प्रदेश मंत्री ठाकुर धर्मपाल सिंह एवं कमलेश सिंह परमार सहित जिला अध्यक्ष अजीत पटेल, जिला महामंत्री अशोक भार्गव, दुर्गपाल राजपूत एवं संस्था के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। वही कार्यक्रम के दौरान सर्व प्रथम मां नर्मदा मैया की पूजन अर्चना की गई । तत्पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सभी की सर्वसम्मति से लगभग 20 ग्रामों को समाहित करते हुए ग्राम पीपरपानी नाम से मंडल बनाया गया जिसके अध्यक्ष रामकुमार पाराशर पीपरपानी, मंडल महामंत्री रामपाल सिंह राजपूत अनघोरी, मंडल उपाध्यक्ष जीवन सिंह राजपूत पिठरास को बनाया गया। कार्यक्रम में अनेकों ग्रामों की ग्राम इकाइयों के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी भी बनाए गए 1 बैठक के दौरान सभी की सर्वसम्मति से जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र मेहरा पत्रकार, जिला मंत्री मनमोद सिंह गुर्जर खकरिया बनाये गये। इसी प्रकार से पलोहा एवं बिछुआ ग्राम के नाम से मंडल बनाया गया जिसमें पलोहा मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल ग्राम झिरिया एवं बिछुआ मंडल अध्यक्ष केहर सिंह कीर को बनाया गया । उद्बोधन की श्रृंखला में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों ने मां नर्मदा मैया के संरक्षण एवं संवर्धन की बात करते हुए सभी तटों पर विशेष साफ सफाई रखने पर चर्चा हुई। वही इस दौरान सभी नर्मदा भक्तों से अपील की गई की सप्ताह में एक दिन अपने नजदीकी नर्मदा तट पर जाकर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाए ।



## शिक्षा विभाग के सभी मापदंडों को दर किनार करते हुये खुल रही निजी शिक्षण संस्थाओं ने अभिभावकों को लुभाने की कर दी शुरूआत

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** म.प्र.सरकार गांवों के शासकीय स्कूलों में बेहतर सुविधाएं देकर बच्चों को उनमें अध्ययन करने के लिए आकर्षित कर रही है, मगर जिन शासकीय शालाओं में शिक्षक नहीं है, उनमें योग्य शिक्षक, अतिथि शिक्षक, संविदा शिक्षक भेजे जा रहे है, बच्चियों को गणवेश से लेकर साईकिलों के साथ साथ छात्रवृति सहित भोजन व निःशुल्क पुस्तके भी दी जा रही हैं। किन्तु आश्चर्य का विषय है कि शहर के तरह ग्रामों के अभिभावकों पर भी अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाने का जिस प्रकार से जुनून छा रहा है, उसका नतीजा है कि गांवों में भी अब अंग्रेजी माध्यम की धड़ल्ले से निजी शालाएं खुलती चली जा रही है जहां पर खुलेआम शासन द्वारा निर्धारित किये गये मापदंडो को दर किनारे करते हुए मनमानी फीस बसूली जा रही है। जहां पर अक्सर देखा जाता है कि जब शिक्षा शत्र की शुरूआत होती है तो प्रवेश लेने वाले बच्चों को सीट फुल होने का भय दिखाते हुए अधिक डोनेशन प्राप्त करने का फंडा अपनाया जाता है? जिसके चलते देखा जा रहा है कि बीते हुये एक अप्रैल से नये शिक्षा सत्र की शुरूआत हो चुकी है, जिसके चलते गांव गांव शिक्षा विभाग के सभी मापदंडों को दर किनार करते हुये गांव गांव किराना दुकानों की तरह खुल रही शिक्षण संस्थाओं द्वारा जहां तहां बैनर पोस्टर लगाते हुये अभिभावकों को लुभाने की शुरू कर भी करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? क्योंकि शिक्षा विभाग के आदेश का परिपालन करते हुये गांवों से लेकर शहरों में संचालित होने वाली शिक्षण संस्थाओं की गिनती की जावे तो बड़ी मुश्किलों के बीच चंद स्कूल ही देखने मिल पायेगें? मगर हैरत की बात है कि अंग्रेजियत में डूबी इन निजी शालाओं की फीस महंगी तो होती ही है इसके अलावा इनमें पढ़ने वाले बच्चों से डोनेशन और अन्य मदों में राशि की बसूली कर अभिभावकों को आर्थिक शोषण किया जाता है? अनेक निजी शालाएं तो ऐसी भी रहती है जो स्थापना के निर्धारित माप दंडों पर खरी नहीं होती, इनके पास न तो व्यवस्थित खेल मैदान होता और न ही पुस्तकालय, प्रयोग शालाा तथा अन्य सुविधाएं रहती है, वही पढ़ाने वाले शिक्षको की स्थिति देखी जावे तो वह खुद अग्रेजी नही जानते है। मगर बच्चों को अग्रेजी पढ़ाने की बात करते है? जिन गांवों के अधिकांश निवासी ए बी सी डी नही जानते, उनमें नेटवर्क फैलाकर ये निजी स्कूल अंग्रेजी शिक्षा का महत्व बताकर अभिभावकों को जाल मंल फंसा लेते है और बच्चों के दाखिले के बाद शुरू हो जाती है वह अभिभावकोंके शोषण की कहानी जिसका पूरे साल अंत नहीं होता? उल्लेखनीय है कि महंगाई के इस दौर में किताबों, कापियों, बच्चों को गणवेश तथा अन्य शालेय सामग्री के दामों में इजाफा होने से बैसे ही बच्चों को शिक्षित कराने में अभिभावक परेशान रहते है और ऊपर से गांवों में आयी निजी स्कूलों की बाढ़ से शिक्षा-व्यवस्था और गड़बड़ होती चली जा रही है। इस सब में मजेदार तथ्य है कि जहां एक तरफ अंग्रेजी मीडियम स्कूल चमचमाते इश्तहार तथा विज्ञापन प्रकाशित कर शासकीय स्कूलों से अभिभावकों को मोह भंग करते हुए अपना तामझाम फैला रहे है। वही जिले के शिक्षा विभाग की तरफ से शासकीय शालाओं की व्यवस्थाओं के संबंध में ऐसा कोई प्रचार अभियान नही चलाया जा रहा है, जो शासकीय शालाओं के प्रति अभिभावकों में अनुराग जाग सके। यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो गांव गांव अंग्रेजी माध्यम से चल रही शिक्षण संस्थाओं के हाल इस तरह बने हुये है कि किराना दुकानों की तरह उन्होनें अपनी संस्थाओं को सजा तो लिया गया है। मगर शिक्षण संस्था को संचालित करने के नियमों का पालन होने के नाम पर बडे पदों पर विराजमान अधिकारियों द्वारा माँ लक्ष्मी का पूजन के माध्यम से अनुमति प्राप्त करते हुये खुलेआम अभिभावकों की जेबों पर डाका डालने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है?

# ग्राम पंचायत व ब्लाक स्तर पर आधार कैम्पों का किया जा रहा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे पीएम किसान, समग्र ई-केवायसी, समग्र पोर्टल, स्कॉलरशिप, फार्मर रजिस्ट्री, पेंशन, आयुष्मान आदि में आधार कार्ड अनिवार्य है, जिसका समय पर अपडेट होना भी आवश्यक है। आधार से संबंधित सभी समस्याओं के निराकरण के लिए संपूर्ण जिले में एक माह का विशेष कैम्प राजस्व कैम्प के साथ आयोजित किया जा रहा है। संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अपने अनुभाग स्तर पर नोडल अधिकारी होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। आधार शिविर ब्लॉक चांवरपाठा के अंतर्गत 11 जून को ग्राम छीतापार, डुंगरिया, देगुवा, बरमानखुर्द व बीतली के लिए ग्राम पंचायत बरमान खुर्द में व 12 जून को ग्राम अडिया, इमझिरी, करहैया, खुलरी, घघरोला कला के लिए ग्राम पंचायत खुलरी में तथा 15 जून को ग्राम अठ्टाइसा, कोठिया, कौड़िया चिर्रिया, नयागांव व बम्होरी के लिए ग्राम पंचायत कौड़िया में, ग्राम अजंसरा, गरहा, चिरचिरा, छवारा, ठुटी व ढाड़िया के लिए ग्राम पंचायत गरहा में एवं ग्राम भूमिया ढाना, भौरझिर, लिंगा, सगोरिया व हेमरा के लिए ग्राम पंचायत भौरझिर में, 16 जून को ग्राम बोहानी, मनकवारा, महगुवा गुनवे, लिलवानी, सूकरी व सड़ूमर के लिए ग्राम पंचायत बोहानी में एवं ग्राम रमखिरिया, सिगोटा, सिहोरा व हर्रई के लिए ग्राम पंचायत सिहोरा में आधार शिविर लगाए जाएंगे। इसी प्रकार से नगरीय निकाय/ ब्लॉक बाबई (चीचली) के अंतर्गत 9 जून को ग्राम छैनाकछार, मगरमुहा, महगवा कला, रायपुर व हीरापुर के



लिए ग्राम पंचायत हीरापुर में एवं ग्राम धमेटा, बटेसरा, भेरोपुर, भिलमाढना, शाहपुर व सिल्हेटी के लिए ग्राम पंचायत शाहपुर में, 10 जून को ग्राम कुदारी, कान्हरगांव, खला, गांगई, चांदनखेड़ा व चोर बरहटा के लिए ग्राम पंचायत गांगई में, 12 जून को ग्राम चारगांव खुर्द, तेंदूखेड़ा, पुआरिया, पटकुही, मऊ व माल्हनवाड़ा के लिए ग्राम पंचायत चारगांव खुर्द में, 17 जून को ग्राम अमाड़ा, अर्जुनगांव, छैनाकछार, पचामा, पनागर, मारेगांव व सहावन के लिए ग्राम पंचायत पचामा में, 18 जून को ग्राम चारगांव कला, ढुरसुरू, ढाना पिपरिया, बगलई व सीरेगांव के लिए ग्राम पंचायत ढुरसुरू में, 19 जून को ग्राम मोहपानी, रातीकरार, सूखाखैरी व सिंगपुर छोटा के लिए ग्राम पंचायत रातीकरार, 22 जून को ग्राम इमलिया कल्याणपुर, करपगांव, कल्याणपुर व खंचारी के लिए ग्राम पंचायत करपगांव में, 23 जून को इमलिया बघौरा, कनवास, खड़ई, खमरिया व खैरी हथनापुर के लिए ग्राम पंचायत खड़ई में, 24 जून को ग्राम आड़ेगांव, इमलिया पिपरिया, उकासघाट व कठोतिया के लिए ग्राम पंचायत उकासघाट में और 26 जून को ग्राम टेकापार, टिकटोली, नरसरा, पनारी, बेलखेड़ी व माल्हनबाड़ा के लिए ग्राम पंचायत नरसरा में आधार संबंधी शिविर लगाए जाएंगे। वही ब्लॉक सांईखेड़ा के अंतर्गत 9 जून को ग्राम कजरोटा, जमाड़ा, पिठवानी, बरेली व बोदरी के लिए ग्राम पंचायत जमाड़ा में, 10 जून को ग्राम खिरिया, टेकापार व पिपरियाकला के लिए ग्राम पंचायत खिरिया एवं ग्राम बम्होरी, मड़गुला व सोकलपुर के लिए ग्राम पंचायत बम्हारीकला में, 11 जून को ग्राम आमगांवछोटा, कामती, खैरी, झांझनखेड़ा व देवरी के लिए ग्राम पंचायत कामती एवं ग्राम खुर्सीपार, गरधा, निवारी, पिपरिया खुर्द, बासखेड़ा व सुपारी के लिए ग्राम पंचायत खुर्सीपार में, 12 जून को ग्राम नांदनेर, बनखेड़ी व बेरखेड़ी के लिए ग्राम पंचायत बेरखेड़ी में, 15 जून को ग्राम खकरिया, धोखेड़ा, नरवारा, बिचुआ, भटेरा व रिछावर के लिए ग्राम पंचायत भटेरा में एवं ग्राम चामचोन, चिरहकला व टिमरावन के लिए ग्राम पंचायत टिमरावन में, 16 जून को ग्राम पलोहा, बगदरा व बरहटा के लिए ग्राम पंचायत पलोहाबड़ा, 17 जून को ग्राम अजंदा, डुंगरिया, ढिगसरा, देतपोन, धनोरा व बनवारी के लिए ग्राम पंचायत अजंदा, 18 जून को ग्राम खिरैटी, झिरिया, टुईयापानी, पिटरास, रम्पुरा के लिए ग्राम पंचायत टुईयापानी में, 19 जून को ग्राम पंचायत पीपरपानी में, 22 जून को ग्राम झिकोली, तूमड़ा व निमावर के लिए ग्राम पंचायत तूमड़ा में और 23 जून को ग्राम मुआर, मेहरागांव व सिरसिरी के लिए ग्राम पंचायत मुआर में आधार संबंधी शिविर लगाए जाएंगे।

# 1008 लाडले ठाकुर निवृत्ति निकुंज बिलासी ब्याहुला उत्सव हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर के श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर में श्री राधाकृष्ण जी का व्याहुला (विवाह) महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरु परम्परा के अधिकारी आचार्य श्री यादवेन्द्र वल्लभ गोस्वामी ने अपने सान्निध्य में महोत्सव को संपन्न कराया। इस महोत्सव के दौरान जबलपुर से आई रसिक मंडली द्वारा विवाह के विभिन्न संस्कारों जैसे हल्दी, मेहंदी एवं फेरे आदि पर आधारित पदगान प्रस्तुत किये गये । यह कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विदित हो कि इस कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 4 बजे से ढ़ोल बाजे के साथ बारात निकाली गई इसके पश्चात संध्या आरती हुई और फिर व्याहुला का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ इस महोत्सव के दौरान जबलपुर से आई रसिक मंडली द्वारा पदगान गाये गये एवं अंत मे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। यहाँ उल्लेखनीय है कि इन दिनों मंदिर मे पुरुषोतम माह पर प्रतिदिन सुबह महिलाओ द्वारा पूजन अर्चना की जाती है। ऐसे मे सुबह



विवाह उत्सव मे महिलाओ ने एक दूसरे को हल्दी लगाकर हल्दी रस्म मे अहम भूमिका निभाई एवं भगवान कृष्ण के भजनो पर उनकी भक्ति मे लीन दिखाई दीं। व्याहुला उत्सव आयोजन मे



पुजारी कमलेश भार्गव द्वारा भगवान के श्रंगार सहित अन्य पूजन गतिविधियां संपादित कराई गई। सम्पूर्ण आयोजन मे अनेक धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्टैट हाईवे गाडरवारा करेली मार्ग पर निकल रहे गड्डों के चलते वाहन चलाना हुआ मुश्किल, किसी दिन घटित हो सकती है बड़ी घटना

**हरिभूमि न्यूज/कौडिया।** जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। मगर अक्सर देखा जाता है कि सरकार द्वारा सड़कों के लिए स्वीकृत की जाने वाली राशि का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सीयों द्वारा इस प्रकार से निर्माण किया जाता है कि वह जहां चंद दिनों में अपनी गुणवत्ता की कहानी स्वयं बताने लगी है। वही दूसरी ओर आम लोगों के लिए पेरशानी का कारण बनती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय स्टैट हाइवे माने जाने वाले गाडरवारा करेली व सांईखेड़ा मार्ग में भी देखी जा रही है। बताया जाता है कि जब इस सड़क का निर्माण हुआ था तो गांव के अंदर जिस प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जो गुणवत्ता को अपराया गया था उसी समय क्षेत्र के अखबरों द्वारा गुणवत्ता की सच्चाई को उजागर करते हुए क्षेत्र के नेताओं से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है। मगर उस समय अधिकाकिरियों द्वारा बरती गई उदसीनता का परिणाम है कि इस सड़क पर निकल रहे गड्डो के चलते जहां वाहन चलाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना ही पड़ रहा है। वही दूसरी ओर लोगों की जान के लिए भी खतरा पैदा हो रहा है। करोड़ो रूपया की लागत से लागत ग्राम कौड़यि के अंदर बनाई गई सीमेंट सड़क में गुणवत्ता की अनदेखी किये जाने के कारण यह सड़क जगह जगह से टूटने लगी है। सड़क के बीचों बीच जानलेबा गड्ड़े निर्मित हो गए है, जिसके चलते यह गड्डे राहगीरो के लिए जानलेबा सिद्ध हो रहे है, इस समय चल रही गर्मी मौसम में सड़क पर निकले हुए गड्डो में पानी भरने के कारण दिखाई नही देते है और जब अचानक वाहन उनमें चला जाता है तो आये दिन छोटे वाहन चालकों को गिरते हुए देखा जाता है। जब बारिश का दौर शुरू होगो तो यहां पर क्या हाल बनेगे यह सच्चाई किसी से छिपी नही है। इस सच्चाई को लेकर लगातार आबाज उठाने के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिया जा रहा है।

# समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय.सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओंए विकास कार्यों तथा जनहित से जुड़े मामलों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर जोर देते हुए कहा कि शिकायतों का जिम्मेदारीपूर्वक समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिन विभागों द्वारा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समय पर निराकरण नहीं किया जा रहा हैए उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बार.बार शिकायतें मिलने वाले विभागों के अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।बैठक में मत्स्य विभाग को बिलगढ़ा एवं दनदना जलाशयों में सहकारी समितियों के माध्यम से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। वहीं सहकारिता एवं पशुपालन विभाग को पात्र किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने की कार्रवाई तेज करने को कहा गया।कलेक्टर ने 12 से 18 जून के बीच जिला एवं विकासखंड स्तर पर जनकल्याणकारी शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविरों में स्वास्थ्यए महिला एवं बाल विकासए शिक्षाए एनआरएलएमए सहकारिताए पशुपालनए मत्स्य सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं का प्रचार.प्रसार एवं लाभ वितरण किया जाएगा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारीए सहायक आयुक्त एवं डीपीसी को निर्देशित किया कि विद्यालयए छात्रावास एवं कन्या आश्रमों में विद्यार्थियों के आगमन से पूर्व साफ.सफाई और आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। साथ ही सभी विभागों को न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।सामाजिक न्याय विभाग को जिले के सभी पात्र दिव्यांगजनों के प्रमाण.पत्र शीघ्र जारी कर उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने नर्मदा पथ के किनारे वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने वट एवं पीपल के वृक्षों के आसपास चबूतरे निर्माण कराने तथा वन विभाग को आवश्यकता अनुसार पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री दिव्यांशु चौधरीए एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावीए डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिकए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेंद्र कुमार जाटवए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध खनिज परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त



**डिंडौरी।** कलेक्टर सुश्री अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 5 जून 2026 को विभागीय टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर वाहनों को जब्त कियाखनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसारए ग्राम सागरटोलाए तहसील बजाग अंतर्गत थाना गाड़ासरई क्षेत्र में एक बिना नंबर का सोनालिका ट्रैक्टर खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक तीजा सिंह परस्तेए निवासी बरगांवए तहसील बजाग के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर थाना गाड़ासरई में सुरक्षित रखा गया है। वहींए जॉन डीयर ट्रैक्टर क्रमांक डच18 ।ठ5450 को खनिज मुरुम के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर जब्त किया गया। चालक नंदकिशोरए निवासी ओरई मालए तहसील डिंडौरी के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की गई है। जब्त वाहन को थाना कोतवाली डिंडौरी में सुरक्षित खड़ा कराया गया है खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों में खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद प्रकरण न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध सघन जांच एवं कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### अमरपुर में आरोह ग्रीष्मकालीन समर कैंप वृक्षारोपण के साथ सम्पन्न



**अमरपुर।** विकासखंड मुख्यालय के सांदीपनी विद्यालय अमरपुर परिसर में जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं जिला खेल अधिकारी के निर्देशानुसार खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित एक माह का आरोह ग्रीष्मकालीन समर कैंप 2026 खेल प्रशिक्षण 5 मई से 5 जून तक छात्रए छात्राओं को कब्बड्डी एवं व्हालीवाल खेल प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें अमरपुर विकासखंड के छात्र छात्राओं ने बढ़.चढ़कर खेल में हिस्सा लिया। जिससे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल के साथ साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। आयोजित आरोह ग्रीष्मकालीन समर कैंप समापन अवसर पर स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्दे द्वारा पर्यावरण संरक्षण का बच्चों सहित उपस्थितजनों को संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण खेल युवा ब्लॉक समन्वयक नारायण सिंह मरावी के द्वारा खेल के प्रति बच्चों को जागरूक एवं अनुशासन के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान कबड्डी प्रशिक्षण मनोज कुमारए पवन धुर्वेए सतेंद्र नागेश सहित भारी संख्या में प्रतिभागी बच्चे मौजूद रहे।

### राजगौड़ महासभा की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**अमरपुर।** अमरपुर विकासखंड क्षेत्र के पर्यटक स्थल पवित्र देवनाला गुफा में रविवार को अखिल राजगौड़ महासभा भारतवर्ष जिला इकाई डिंडौरी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आयोजित एकदिवसीय संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। जिसमें प्रमुख रूप से महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलकरण राज ठाकुर जिन्हें लोग नीलू भैया के नाम से जानते हैं। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राज कुमार ठाकुरए राष्ट्रीय सचिव पीतांबर ठाकुर व हेम कुमार कश्यपए महिला राष्ट्रीय सचिव पुष्पा देवी ठाकुरए राष्ट्रीय चिंतक सुशील ठाकुर के साथ डिंडौरीए मंडलाए जबलपुर बालाघाट जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा समाज में फैली कुरीतियों से मुक्ति दिलाने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें समाज में नशा मुक्त करनाए दहेज प्रथा एवं चीकट बंद करनाए दशगात्र व तेरहवीं में मृत्युभोज पगड़ी रस्म बंद करनाए जाति जनगणना में जाति राजगौड़ दर्ज कर कराना आदि महत्वपूर्ण मुद्दों के साथ डिंडौरी जिला जोकि सामाजिक अध्यक्ष विहीन था। जिस पर सभी उपस्थितजनों द्वारा विस्तृत चर्चा के बाद विजय सिंह ठाकुर को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी को राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलू भैया द्वारा अपने उद्बोधन में समाज को एकजुट होकर समाज की भलाई एवं उत्थान के लिए सतत प्रयासरत रहने एवं कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करते रहने की अपील की गई।

## ऑटो पलटने से तीन लोग घायल, शहपुरा अस्पताल में उपचार जारी



**शहपुरा।** कनेरी से सलैया जा रहा एक ऑटो सोमवार को सारंगपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल.112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंचायाए जहां उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में बसंत दास ;57द्ध पिता सुकरत दास निवासी सारंगपुरए बैजू सिंह मरावी ;58द्ध निवासी सारंगपुर तथा सहजू सिंह निवासी ग्राम कुसेरा घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयाए जिससे उसमें सवार यात्रियों को चोटें आईं।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया। सूचना मिलते ही डायल.112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण ऑटो का अनियंत्रित होना बताया जा रहा हैए हालांकि वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में चिकित्सकों की निगरानी में घायलों का उपचार जारी है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## डिंडौरी में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक कार्यालय का शुभारंभ



**डिंडौरी।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ;नाबार्डद्ध ने जिले में जिला विकास प्रबंधक ;डीडीएमद्ध कार्यालय की शुरुआत कर ग्रामीण विकास गतिविधियों को नई गति प्रदान की है। नाबार्ड मध्यप्रदेश क्षेत्रीय कार्यालयए भोपाल की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सीण सरस्वती ने वर्चुअल माध्यम से कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उमरिया और सीधी जिलों में स्थापित नए डीडीएम कार्यालयों का भी एक साथ शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में जिला प्रशासनए बैंकिंग संस्थानोंए प्रगतिशील किसानोंए स्वयंसेवी संगठनोंए ग्रामीण उद्यमियों तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नाबार्ड अधिकारियों ने कृषि एवं ग्रामीण विकास क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं और पहलों की जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि नाबार्ड वित्तीय समावेशनए ग्रामीण अवसंरचना विकासए आजीविका संवर्धन और संस्थागत सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रहा है। नवस्थापित डीडीएम कार्यालय के माध्यम से जिले में विकासात्मक एवं ऋण संबंधी गतिविधियों के बेहतर समन्वय को बढ़ावा मिलेगाए जिससे ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी।

नाबार्ड का यह कार्यालय जिले में संस्थागत समन्वय को मजबूत बनानेए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने तथा समावेशी और सतत विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही किसानोंए स्वयं सहायता समूहोंए ग्रामीण उद्यमियों और अन्य हितग्राहियों को विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध होगा।

## क्षीरधारा योजना के तहत पशुपालकों को किया जा रहा जागरूक, गांव-गांव पहुंच रही विभागीय टीम



**डिंडौरी।** जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने और पशुपालकों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा क्षीरधारा योजना के अंतर्गत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों के चयनित ग्रामों में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।पशुपालन विभाग का मैदानी अमला गांव.गांव पहुंचकर पशुपालकों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दे रहा है। इस दौरान मुंहखुरी रोग नियंत्रणए पशुओं के टीकाकरणए कृत्रिम गर्भाधानए संक्रामक रोगों की रोकथामए किसान क्रेडिट कार्ड तथा अन्य विभागीय योजनाओं के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। योजना के तहत चयनित ग्रामों में पशुपालक संगोष्ठियों का आयोजन कर उन्नत पशुपालन तकनीकोंए पशु स्वास्थ्य प्रबंधन एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही पशुपालकों के आधार अपडेट कराने का कार्य भी किया जा रहा हैए ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।पशुपालन विभाग के अधिकारियों के अनुसार क्षीरधारा योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन गतिविधियों को सशक्त बनानाए दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। इसी उद्देश्य से विभाग लगातार ग्रामों का भ्रमण कर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पशुपालकों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

## आत्मा गवर्निंग बोर्ड एवं जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक संपन्न



**डिंडौरी।** कलेक्टर सभागार में सोमवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में आत्मा गवर्निंग बोर्ड तथा नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग ;एनएमएनएफद्ध योजना अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं संबद्ध विभागों की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान आत्मा परियोजना के अंतर्गत विभागों को आवंटित लक्ष्योंए विभागीय प्रदर्शनए फार्म स्कूलों के संचालन तथा नवाचार गतिविधियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने एवं उनकी क्षमता वृद्धि के लिए राज्य एवं राज्य के बाहर आयोजित होने वाले कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। बैठक में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग ;एनएमएनएफद्ध के तहत वर्ष 2026.27 के लिए प्राप्त लक्ष्यों एवं प्रस्तावित गतिविधियों का अनुमोदन किया गया। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने की रणनीति पर भी विचार.विमर्श हुआ।कलेक्टर ने कृषि एवं संबद्ध विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिव्यांशु चौधरीए परियोजना संचालक आत्माए उपसंचालक कृषिए कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकए अग्रणी बैंक प्रबंधकए महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं तकनीकी प्रबंधक उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में 46 नए हैंडपंपों को मिली मंजूरी, पेयजल व्यवस्था होगी मजबूत



**डिंडौरी।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से निपटने और जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने 46 नवीन नलकूप खनन एवं हैंडपंप स्थापना कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। यह कार्य समस्या.ग्रस्त बसाहटों में सार्वजनिक उपयोग के लिए कराए जाएंगे।जानकारी के अनुसार सांसदए विधायक ;डिंडौरी एवं शहपुरा विधानसभा क्षेत्रद्ध सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों और अनुशंसाओं का शासन के निर्धारित मानकों के आधार पर परीक्षण किया गया। इसके बाद जिला स्तरीय समिति ने आवश्यकता को देखते हुए 46 नए हैंडपंपों की स्थापना को मंजूरी दी।प्रशासन द्वारा स्वीकृत बसाहटों में शीघ्र ही रेजिस्टिविटी सर्वे कराया जाएगाए जिसके बाद नलकूप खनन कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इससे प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता में सुधार होगा और लोगों को राहत मिलेगी।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिव्यांशु चौधरी के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि जल संकट वाले क्षेत्रों की नियमित निगरानी की जा रही है और आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित एवं सुगम पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाए जा रहे हैं।

## कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण, 25 कर्मचारी अनुपस्थित



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सोमवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की गई।निरीक्षण में वित्तए शिकायतए लोक सेवा प्रबंधनए भू.अभिलेखए जनजातीय कार्यए पिछड़ा वर्गए महिला सशक्तिकरणए खाद्यए महिला एवं बाल विकासए आबकारीए सहकारिताए सांख्यिकी एवं योजनाए तहसीलए जनसंपर्कए ई.गवर्नेंस तथा श्रम विभाग सहित विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया गया।

इस दौरान 25 कर्मचारी बिना अनुमति अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध एक दिवस का वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर ने खाद्य विभाग का भी निरीक्षण किया तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए कर्मचारियों की सुविधा के लिए बैठक कक्ष में कूलर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचनेए सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने तथा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी।निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिकए जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बालिका सम्मान समारोह का आयोजन



**नरसिंहपुर।** सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद की जिला अध्यक्ष विवेक पांडे, नगर अध्यक्ष सुनंदा भट्ट के निर्देशन एवं जिला उपाध्यक्ष अरुणा दुबे की अध्यक्षता में होटल सुविजिता में बालिका प्रतिभा सम्मान समारोह विद्यांजलि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि आभा दुबे एवं परिषद के पदाधिकारीयों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की आराधना की गई एवं सरस्वती वंदना सुषमा तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन ज्योति तिवारी, नीरा बुधौलिया, सपना शर्मा एवं मनीषा पुरोहित द्वारा किया गया। 50 ब्राह्मण बालिकाओं जिसमें 12वीं की 15 बालिकाएं एवं दसवीं की 35 बालिकाओं को शील्ड, प्रमाण पत्र से एवं उनकी माताजी को शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्था नंदिता चैबे, संचिता दुबे एवं मंजू दुबे द्वारा देखी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित परिषद की वरिष्ठ संरक्षक मालती त्रिवेदी, सरला पांडे, उर्मिला भाटली, उपाध्यक्ष प्रवीणा गोस्वामी, मीनाक्षी पुरोहित एवं राजकुमारी पाठक की उपस्थिति रही।

### पर्यावरण जागरूकता का दिया संदेश



**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के 12 साल पूरे होने पर जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 जून से तीस जून तक अनेक सामाजिक कार्यक्रम संपादित करने का निर्णय लिया इसी कड़ी में पर्यावरण पर विशेष योजना बनाई गई है पर्यावरण दिवस पर जागरूकता रैली संगोष्ठी वृक्षारोपण जल संवर्धन आदि शामिल है प्लास्टिक का उपयोग कम से काम करना जन सामान्य को जागरूक करने हेतु संदेश दिया गया नरसिंहपुर विधानसभा के सभी 6 मंडलों पर उक्त कार्यक्रम पूरी योजना के साथ संपादित किए गए कार्यक्रम के सफल क्रियांवन हेतु एक जिला टोली का भी गठन किया गया उसकी सदस्य श्रीमती संध्या कोठारी ने बताया कि पर्यावरण दिवस पर यह सभी कार्यक्रम पूरी योजना के साथ संपादित किए गए जन सामान्य को भी सभी कार्यक्रमों में शामिल करते हुए जागरूकता अभियान भी चलाया गया वर्षा काल प्रारंभ होते ही बुथ स्तर पर वृक्षारोपण के कार्यक्रम को गति दी जाएगी और वृक्षों का संरक्षण भी किया जाएगा।

### संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज से

**तेंदूखेड़ा।** पुरुषोत्तम मास में जगह जगह धार्मिक आयोजन चल रहे हैं इसी श्रंखला के चलते परमपिता परमेश्वर एवं माँ नर्मदा जी की असीम कृपा तथा पूज्य माता पिता के शुभ आशीर्वाद से स्टेडियम ग्राउंड देवरी राजमार्ग आज 09 जून से 15 जून तक श्रद्धेय कथा वाचक राष्ट्रीय संत पूज्य विपिन बिहारी महाराज के श्रीमुख से संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। मुख्य यजमान एवं आयोजक पूर्व विधायक संजय शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील करते हुए कहा है कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं अपितु जीवन को धर्म भक्ति सदाचार एवं आध्यात्मिक चेतना से आलोकित करने वाला अमृतमय महोत्सव है। कथा श्रवण से मन को शांति जीवन में सुख-समृद्धि तथा प्रभु कृपा की अनुभूति प्राप्त होती है। सभी श्रद्धालुजनों धर्मप्रेमी बंधुओ एवं मातृशक्ति से विनम्र आग्रह है कि सपरिवार इस पुण्य अवसर पर पधारकर कथा रस का श्रवण करें एवं पुण्यलाभ अर्जित करें।कथा समय प्रतिदिन सायं 04 बजे से शाम 07 बजे तक 16 जून को भंडारा एवं महाप्रसादीके साथ समापन होगा।

### संत कबीर मेहरा झारिया समाज संगठन की मासिक बैठक संपन्न

**गोटेगांव।** संत कबीर मेहरा झारिया समाज संगठन की मासिक बैठक ग्राम झांसी में जालम सिंह झारिया के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने तथा संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप समाज को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई।वक्ताओं ने कहा कि समाज को शिक्षित और संगठित बनाना समय की आवश्यकता है। नशामुक्ति, बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया।

# मारुति वैन से अवैध सागौन जब्त, आरोपी फरार

### वन विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बीती रात वन परिक्षेत्र बरमान की टीम द्वारा की गई कार्रवाई मे अवैध सागौन के साथ मारूति वैन को जब्त किया गया। रविवार और सोमवार की दरमियानी रात अवैध सागौन परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मारुति वैन से सागौन की लकड़ी जब्त की है। मामले में आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। बरमान वन परिक्षेत्र अधिकारी एच.एल. बिसेन ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि ढिलवार मार्ग स्थित जंगल क्षेत्र में एक संदिग्ध वाहन पहुंचा है। सूचना के आधार पर वन अमले ने क्षेत्र में नाकाबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।








### 14 सिल्ली हुई बरामद

रविवार - सोमवार की दरमियानी रात तकरीबन तीन बजे गश्ती दल को पिपरवानी तिराहे के पास जंगल की ओर से एक मारुति वैन क्रमांक एमपी 04 बीए 2636 आती दिखाई दी। वन अमले ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से रखी गई सागौन की 14 सिल्ली बरामद हुईं। जब्त लकड़ी का कुल आयतन 0.600 घनमीटर बताया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 29 हजार रुपये आंकी गई है। वन विभाग ने लकड़ी सहित वाहन को जब्त कर बरमान रेंज कार्यालय में खड़ा कराया है। आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### आरोपी की हुई पहचान


उक्त मामले को लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी एच एल बिसेन ने बताया कि फरार आरोपी की पहचान तेंदूखेड़ा निवासी घनश्याम काछी के रूप में की गई है। वन अमले के कर्मचारियों ने उसे भागते समय पहचान लिया था। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी अवैध वन उपज परिवहन का मामला दर्ज हो चुका है और उसका एक अन्य वाहन भी पहले जब्त किया जा चुका है। वन विभाग की टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो कि सरकार द्वारा वनों को बचाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे है लेकिन अवैध कारोबारियों पर लगाम लग पाना मुश्लिक बना हुआ है। जिससे वन विभाग के रक्षकों पर भी सवाल खड़े होते है।

### कैसे रूकेगी वनों की अवैध कटाई

वनों की कटाई को लेकर सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे है लेकिन वनों को कटाई को रोकने में असफल नजर आ रही है। सरकार द्वारा वन अपराध पर कठोर कानून भी बना दिए गए उसके बाद भी अवैध कटाई पर लगाम नही लग पा रही है। वही पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए सरकार द्वारा लोगों को जागरूक कर वृक्षारोपण करने के लिए अपील की जा रही है। जिससे अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जा सके और प्राकृतिक संतुलन बना रहे। वही दूसरी ओर अवैध कटाई करने वालों पर लगाम नही लग पा रहा है। हालांकि उक्त मामले के बाद वन विभाग के जिम्मेदार वनकर्मियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे है। जिस पर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए।

## अवैध अतिक्रमण हटाने गए दल से विवाद, लौटा अमला

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के करपगांव में सोमवार को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम को ग्रामीणों के विरोध के चलते कार्रवाई बीच में ही रोकनी पड़ी। निर्माणाधीन मकान को तोड़ने पहुंची टीम के सामने उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब एक किसान जेसीबी मशीन के सामने खड़ा हो गया और कार्रवाई रोकने की मांग करने लगा। मौके पर नायब तहसीलदार चंदन तिवारी राजस्व अमले के साथ मौजूद थीं। ग्रामीणों ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि पंचायत की सरकारी जमीन पर कई अन्य मकान भी बने हुए हैं, लेकिन प्रशासन केवल एक परिवार को निशाना बनाकर कार्रवाई कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत द्वारा उक्त भूमि को आबादी क्षेत्र घोषित करने का प्रस्ताव पहले ही शासन को भेजा जा चुका है। इसके बावजूद बिना उचित सूचना और नोटिस के मकान तोड़ने की कार्रवाई की जा रही थी, जिसका गांववासियों ने विरोध किया। घटना के दौरान प्रशासन और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस भी हुई।



मौके से सामने आए कुछ वीडियो में नायब तहसीलदार और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक दिखाई दे रही है। बढ़ते विरोध और हंगामे को देखते हुए प्रशासन को अपनी कार्रवाई रोककर वापस लौटना पड़ा। मामले में प्रशासन का पक्ष जानने के लिए नायब तहसीलदार चंदन तिवारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनसे संपर्क नहीं हो सका। प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मध्यप्रदेश की नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अटल नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ ने मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने नियमितीकरण, वेतनमान, अनुकंपा नियुक्ति, सामाजिक सुरक्षा एवं समय पर वेतन भुगतान सहित 11 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष के.एल. राय ने कहा कि प्रदेशभर में हजारों कर्मचारी 10 से 25 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें आज तक नियमितीकरण और अन्य सुविधाओं का लाभ



नहीं मिल सका है। उन्होंने लंबित न्यूनतम वेतनमान पुनरीक्षण, केंद्र सरकार के समान वेतन एवं सुविधाएं तथा कर्मचारियों के हित में ठोस नीति बनाए जाने की मांग की। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री एवं संगठन संरक्षक जालम सिंह पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, कर्मचारी नेता थम्मन शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों का समर्थन करते हुए शासन स्तर पर समाधान का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि रामस्नेही पाठक ने कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया, जबकि जालम सिंह पटेल ने जल्द ही संबंधित मंत्रियों के समक्ष मांगों को रखकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। संघ ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की वर्षों पुरानी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर में असंतोष बढ़ सकता है। संगठन ने सरकार से कर्मचारी हित में त्वरित निर्णय लेने की मांग की है।

## कालजयी बनीं सड़क आये दिन हो रहे हादसे दुर्घटनायें

तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा से होकर गाडरवारा जाने वाली सड़क कालजयी हो गई है।जो आये दिन जिंदगियों को लीलती हुई चली जा रही है। सोमवार को सड़क पर काल के रुप में अंधी रफ्तार में दौड़ रहे डम्फर ने फिर एक ज़िंदगी को लील लिया जिसे लेकर क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष व्याप्त रहा और सुबह सुबह घटना स्थल पर ही जाकर सड़क पर जाम लगा दिया। लेकिन अपने बचाव के लिए कवच बनाकर बैठे जिला प्रशासन के आदेशों को दृष्टिगत रखते हुए ज्यादा समय तक सड़क मार्ग बंद नहीं किया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार समीपी ग्राम ग्वारी के गौ रक्षक अमोल सिंह पटेल सुबह-सुबह ग्राम



करोंदी से पशुओं का इलाज करके वापस घर लौट ही रहे थे कि सामने सागर जिले तरफ से गिट्टी लेकर गाडरवारा जा रहे डम्फर ने करोंदी के समीप जोरदार टक्कर मार दी जिससे अमोल सिंह की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर मारते हुए कुछ ही दूरी पर आगे जाकर डम्फर पलट गया और ड्राइवर भाग निकला।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित हो गये थे। गौरतलब रहे कि एक माह के भीतर यह तीसरी घटना है।चार दिन पहले ही ग्वारी के एक और व्यक्ति की सड़क दुघर्टना में दर्दनाक मौत हो गई थी। तथा कुछ दिन पूर्व ही दो मौतें एक साथ हुई थी।आये दिन इस तरह के हादसे निश्चित तौर पर चिंता के विषय बनें हुए हैं। प्रशासनिक अधिकारी तत्काल तो अपने बचाव की दिशा में डम्फरों और एन टी पी सी से फ्लाइश लेकर जाने वाले कंटेनरों की गति कम कराने इनके संचालन का समय रात्रि में ही करने का आश्वासन कई बार दे चुका है लेकिन दो दिन बाद पुनः वही स्थिति निर्मित हो जाती है। पीड़ित परिवारों के सामने टूटने वाले पहाड़ और बच्चों के भरण पोषण को लेकर संकट की स्थिति बनती चली जा रही है।

सोमवार के अल सुबह घटित हुई इस घटना को लेकर किसान संघ तथा जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारी तथा क्षेत्रीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित हो गये थे।

## नदी में जा रहा फैक्ट्री का पानी रोकने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के ग्राम अगरिया (बचई) की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सोमवार को जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन ने डिप्टी कलेक्टर देवंती परते को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों की तीन प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। जयस के तहसील अध्यक्ष परशोत्तम उइके ने बताया कि गांव में बिजली के जर्जर तार नीचे लटक रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 27 मई को बिजली विभाग को आवेदन दिया गया था और कर्मचारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन भी दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में दूसरी प्रमुख समस्या गांव की नदी में फैक्ट्रियों द्वारा छोड़े जा रहे कथित



प्रदूषित एवं जहरीले पानी की बताई गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे नदी का पानी दूषित हो रहा है और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। संगठन ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा ग्राम के पवित्र मंदिर परिसर के समीप तथा श्मशान घाट की शासकीय भूमि पर किए गए कथित अवैध कब्जों को हटाने की मांग भी ज्ञापन में की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सार्वजनिक उपयोग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग उठाई। जयस पदाधिकारियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि ग्रामीणों के हित में इन सभी समस्याओं पर शीघ्र दंडात्मक एवं प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सामाजिक कार्यक्रम में चले लात घूसे, कई घायल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को थाना क्षेत्र कोतवाली के ग्राम गरारू में सामाजिक सौहार्द को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। बताया गया कि पगड़ी बंधन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जहां पर कुछ लोगों के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो धीरे-धीरे बढ़कर मारपीट में बदल गई। देखते ही देखते स्थिति इतनी बिगड़ गई कि मौके पर लात-घूंसे और बेल्ट से हमला शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक हुई इस घटना से कार्यक्रम स्थल पर मौजूद महिलाओं और बच्चों में दहशत फैल गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही देर में पूरा माहौल अव्यवस्थित हो गया और मांगलिक कार्यक्रम की गरिमा भंग हो गई। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन सजग हुआ और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वायरल वीडियो में खुलेआम मारपीट और हंगामे की स्थिति देखी जा सकती है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ठोस कार्रवाई की जावे।

## स्थापित होगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 12 फीट ऊंची प्रतिमा, 10 जून को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

गोटेगांव।

क्षत्रिय राजपूत सभा गोटेगांव द्वारा 17 जून 2026 को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 12 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके उपलक्ष्य में जिला स्तरीय महाराणा प्रताप जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है।सभा के अनुसार प्रतिमा ग्वालियर से तैयार होकर 10 जून को बरमान पहुंचेगी, जहां उसका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में बरमान, करेली और नरसिंहपुर होते हुए गोटेगांव लाया जाएगा।शोभायात्रा 10 जून की शाम





लगभग 8 बजे गोटेगांव पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 जून को महाराणा प्रताप जन्म जयंती के अवसर पर प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया जाएगा।सभा ने जिलेभर के नागरिकों और युवाओं से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## शिव महापुराण एवं नर्मदा पुराण का भव्य आयोजन



तेंदूखेड़ा

इन दिनों पावन पुरुषोत्तम माह में क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों का लगातार सिलसिला जारी है। अनेकों जगह यज्ञ पुराण कथा के आयोजन होने से संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। इसी श्रृंखला के चलते क्षेत्र के प्रतिष्ठित बसेडिया परिवार के द्वारा श्री शिव महापुराण एवं नर्मदा पुराण का भव्य आयोजन किया जा रहा है।प्रातः काल से विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन और शिवार्चन किया जाता है। आयोजक परिवार के वयोवृद्ध विद्वान पं शिवप्रसाद शास्त्री ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति यह आयोजन भगवान की प्रसन्नता घर परिवार की सुख समृद्धि के साथ विश्व शांति विश्व कल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है।यह आयोजन सिद्ध विल्व वृक्ष के नीचे किया जा रहा है। शिव महापुराण का पारायण कर रहे क्षेत्रीय विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि शिव महापुराण शिव जी का वाङ्मय स्वरुप है।इसका पठन पाठन श्रवण जन्म जन्मांतरों के पाप पुन्जों का शमन कर इस लोक में समस्त प्रकार के सुखों को प्रदान कर शिवलोक को प्रदान कराने बाला है।साथ ही नर्मदा पुराण का पाठ एवं शिवार्चन आचार्य द्वय अभिषेक तिवारी एवं शरद तिवारी द्वारा किया जा रहा है।

## शासकीय अस्पताल की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, बाउंड्रीवाल निर्माण में बाधाएं

### सडीएम से शिकायत कर कब्जा हटाने और कार्रवाई की मांग

गोटेगांव।

नगर के नेहरू वार्ड निवासी अनिल कुमार जैन ने गोटेगांव एसडीएम को आवेदन देकर पुरानी शासकीय अस्पताल परिसर की भूमि पर कथित अतिक्रमण की शिकायत की है। उनका आरोप है कि अतिक्रमण के कारण अस्पताल परिसर में हो रहा बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है।आवेदन के अनुसार मौजा छोटा छिंदवाड़ा, पटवारी हल्का नंबर 45 स्थित पुरानी शासकीय अस्पताल भूमि पर निर्माण कार्य के दौरान संदीप जैन द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। शिकायत में प्रशासन से अतिक्रमण हटाकर निर्माण कार्य सुचारू रूप से पूरा कराने की मांग की गई है।बीएमओ डॉ. एस.एस. धुर्वे ने कहा कि अस्पताल परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण होना है, लेकिन



अतिक्रमण के कारण समस्या आ रही है। इस संबंध में एसडीएम को अवगत करा दिया गया है।एसडीएम संघमित्रा गौतम ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जांच और सीमांकन कराया जाएगा। यदि शासकीय भूमि पर कब्जा पाया जाता है तो उसे हटाकर बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा।

**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उदघोषण**

रा.मा.क्र./134 अ-20 (1) वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल शीट क्रमांक 5, नगरीय क्षेत्र का नाम कंदेली, प्लाट क्र. 18/26 रकवा 850 वर्गफुट विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम तथा पूर्ण नाम पता-ऋषि कुमार आ. स्व. भोली प्रसाद महोबिया सा. झिरना कंदेली उस व्यक्ति/ व्यक्तियों का नाम /पिता /माता /पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष मे प्रकरण विचाराधीन है। ऋषि कुमार आ. स्व. भोली प्रसाद महोबिया साण झिरना कंदेली उक्त अनुसूची के उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 25/06/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो या वैद्य प्रतिनिधी के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। इश्तेहार आज दिनांक 01/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर